खबर संक्षेप

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्राचार्य को हटाने की करी मांग



**नैनपुर।** मंडला जिले के नैनपुर में शासकीय स्नातक महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा प्राचार्य जी.सी मेश्राम के दिए कथन के विरोध में प्राचार्य का पुतला दहन एवं महाविद्यालय में तालाबंदी कर समस्त छात्र-छात्राओं ने आक्रोश व्यक्त करते हुए अपना प्रदर्शन किया। गौरतलब है कि राष्ट्रीय कला मंच के द्वारा विगत कुछ वर्षों से नवरात्रि के शुभ अवसर पर गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी गरबा महोत्सव को आयोजन होना था जिसकी अनुमति महाविद्यालय के प्राचार्य से लेने महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं पहुंचे इसी दौरान प्राचार्य जी सी मेश्राम के द्वारा कहा गया कि - मैं पूजन नहीं करता मेरी भगवान में आस्था नहीं है मैं भगवान को नहीं मानता और गरबा के आयोजन की अनुमति नहीं देता इस बात से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के मन में ठेस पहुंची। विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री रविंद्र यादव ने बताया कि विद्यार्थी परिषद के द्वारा महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं को लेकर पूर्व में भी ज्ञापन सौंपा गया था लेकिन प्राचार्य के द्वारा छात्र हित का ध्यान नहीं रखा जा रहा है जिससे छात्र-छात्राओं का भविष्य खतरे में पड़ सकता है। विद्यार्थी परिषद मांग करता है कि जल्द से जल्द महाविद्यालय के प्राचार्य को हटाया जाए और यदि यह मांग जल्द से जल्द पूरी नहीं की जाती है तो विद्यार्थी परिषद के द्वारा आगामी समय में चरणबद्ध तरीके से प्रदर्शन किया जाएगा।

### मनचाहे स्कूल में सांठ-गांठ से हो गया संलग्नीकरण

# ए.सी. के आदेश की उड़ रहीं धज्जियां

*** बच्चों की पढ़ाई जाये भाड़ में, हमें तो अपने से है मतलब।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

*जिले के शिक्षा विभाग द्वारा दो तरह के आदेश जारी किये जाते हैं एक वे होते हैं जो दिखावे के लिये होते हैं और उसकी प्रतिलिपि सभी संबंधित को बाकायदा भेजी जाती है लेकिन ऐसे आदेशों पर अमल नहीं किया जाता। दूसरे वे आदेश हैं जो संबंधित के हाथो-हाथ दिये जाते हैं और उनमें अमल भी तुरंत ही होता है।*

शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करने वाला मामला एक बार फिर सामने आया है।





सहायक आयुक्त के निर्देश के बावजूद शिक्षिका संलग्न, बीईओ की मिलीभगत?

5 वर्षों से आदेश की हो रही अनदेखी

विकासखं बीजाडांडी अंतर्गत माध्यमिक शाला मैली की शिक्षिका श्रीमती प्रभा विश्वकर्मा को वर्ष 2019 में माध्यमिक शाला ढुढुवा में अस्थायी रूप से संलग्न किया गया था। यह संलग्नीकरण मात्र कुछ समय के लिए था, किंतु इसके बाद 19 जून 2020 को सहायक आयुक्त ने आदेश जारी कर सभी संलग्न शिक्षकों को तत्काल अपनी मूल संस्था में लौटने का निर्देश दिया था। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया था कि मूल संस्था में कार्यभार ग्रहण किए बिना वेतन का भुगतान नहीं किया जाएगा।

इसके बावजूद हैरानी की बात यह है कि लगभग पाँच वर्ष बीत जाने के बाद भी इस आदेश का पालन नहीं हुआ। शिक्षिका अब भी संलग्न स्कूल में ही कार्यरत हैं। यह स्थिति न केवल शासन की कार्यशैली बल्कि आदेशों की गंभीरता और पारदर्शिता पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है।

### पुनः आदेश के बावजूद पालन नहीं

10 सितम्बर 2025 को सहायक आयुक्त, मण्डला द्वारा फिर से आदेश जारी कर शिक्षिका को मूल संस्था में वापसी का निर्देश दिया गया। परंतु यह आदेश भी धरातल पर लागू नहीं हो पाया। यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि यदि 2020 का आदेश प्रभावशील था, तो पाँच वर्षों तक उसे लागू क्यों नहीं किया गया? क्या यह आदेश केवल कागजों तक सीमित रहा? क्या इसमें विभागीय मिलीभगत या किसी ऊपर के दबाव का मामला है?

### बीईओ की भूमिका संदिग्ध

विकासखंड शिक्षा अधिकारी (BEO) बीजाडांडी की भूमिका भी इस पूरे प्रकरण में संदेह के घेरे में है। आदेश के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद यदि शिक्षिका अब तक संलग्न स्कूल में कार्यरत हैं तो यह बीईओ की मौन स्वीकृति और संलिप्तता का संकेत देता है। सवाल यह भी है कि आखिर ऐसे कौन से कारण हैं जिनके चलते आदेशों की अवहेलना की जा रही है राजनीतिक संरक्षण, आर्थिक लेन-देन या फिर विभागीय लापरवाही?

### शिक्षा के स्तर पर गिरावट

इस तरह के मामलों से शिक्षा व्यवस्था की गुणवत्ता पर सीधा असर पड़ता है। यदि शिक्षक अपनी पसंद की जगह नियुक्त होकर काम करते रहेंगे और बच्चों की पढ़ाई को नजरअंदाज किया जाएगा, तो फिर शासकीय स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों का भविष्य किसके हवाले रहेगा?

### जनप्रतिनिधियों की चुप्पी भी सवालों के घेरे में

सबसे बड़ा सवाल यह भी है कि जब यह सब कुछ सार्वजनिक हो चुका है, तो जनप्रतिनिधि क्यों चुप हैं? क्या उन्हें इस बात की चिंता नहीं कि जिन बच्चों ने उन्हें वोट देकर उनके हाथों में नेतृत्व सौंपा, उनके भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है? जनप्रतिनिधियों की यह चुप्पी उनकी कार्यकुशलता और निष्ठा पर सवाल उठाती है।

यदि शासन-प्रशासन के आदेश ही सिर्फ कागजों तक सीमित रह जाएंगे और उन पर कोई कार्रवाई नहीं होगी, तो यह लापरवाही नहीं, अपराध की श्रेणी में आता है। शिक्षा जैसे संवेदनशील विभाग में यदि ऐसी कार्यशैली बनी रही, तो यह केवल व्यवस्था ही नहीं, एक पीढ़ी के भविष्य को अंधकार में धकेलने जैसा होगा।

अपने चहेतों को उनकी मनमानी जगह पर पदस्थ करना सिर्फ उनके प्रति स्नेह हो ऐसा नहीं है बल्कि यह सिर्फ और सिर्फ नगद नारायण की ही कृपा के वशीभूत हो पा रहा है अन्यथा स्नेह तो अधिकारी सबके प्रति दर्शाते हैं।

# घुघरी में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/घुघरी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुघरी में मंगलवार को भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की शुरुआत दीप प्रज्वलन और अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डॉ. शिवराज शाह "शिवा भैया" शामिल हुए। उन्होंने रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानवीय दान है, क्योंकि यह किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाने का अवसर देता है। उन्होंने युवाओं से नियमित अंतराल पर रक्तदान करने और समाज में इस कार्य के महत्व को समझाने की अपील की।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामप्रकाश साहू ने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान न केवल जरूरतमंद को जीवन देता है बल्कि यह रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। उन्होंने कहा कि घुघरी जैसे छोटे कस्बे में इतने बड़े स्तर पर रक्तदान शिविर का आयोजन होना सकारात्मक सामाजिक बदलाव का संकेत है।

जनपद सदस्य नीरज मरकाम ने कहा कि समाज के हर वर्ग को इस प्रकार के शिविरों में आगे आकर सहयोग करना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं और महिलाओं की भागीदारी की सराहना की और कहा कि इससे समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बल मिलता है।

आयोजकों ने बताया कि शिविर में एकत्रित रक्त को ब्लड बैंक में सुरक्षित रखा जाएगा ताकि जरूरत पड़ने पर समय पर मरीजों की जान बचाई जा सके। स्थानीय सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवकों और युवाओं ने भी शिविर में सक्रिय भूमिका निभाई और लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

इस सफल आयोजन ने घुघरी क्षेत्र में सेवा, सहयोग और मानवता की मिसाल पेश की। बड़ी संख्या में हुई भागीदारी ने यह साबित कर दिया कि जरूरत के समय समाज एकजुट होकर जीवन बचाने का काम कर सकता है।

## सीएमएचओ ने जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का औचक निरीक्षण किया

**मण्डला।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार राष्ट्रीय अभियान 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में चल रहा है। इसी के तारतम्य में 22 सितम्बर को जिला चिकित्सालय मण्डला में रक्तदान शिविर का मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीजे मोहंती ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रक्तदान शिविर में टेक्निशियन के द्वारा अनियमितताएं पाए जाने पर सिविल सर्जन को सुधार करवाने के निर्देश दिये। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे, आर.एम.ओ. जिला क्षय अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्र कजरवाड़ा में पोषण अभियान का आयोजन

**मण्डला।** आठवे राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन नैनपुर के आंगनवाड़ी केंद्र कजरवाड़ा में पोषण माह के छटवे दिवस में थीम अनुसार ग्राम पंचायतों, सामुदायिक भवनों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में स्थानीय उत्पादों/खिलौनों/पौष्टिक खाद्य पदार्थों के उपयोग एवं स्वयं निर्मित स्वदेशी खिलौने/स्थानीय व्यंजनों के जागरूकता शिवर का आयोजन किया गया। बाल चौपाल, बच्चों द्वारा बनाये गये खिलौनों एवं पोषण संबंधी प्रदर्शनी लगाई गई। आंगनवाड़ी के बच्चों द्वारा मिट्टी के खिलौने बनाने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया गया। प्रदर्शनी जिसमें स्थानीय पौष्टिक खाद्य पदार्थों के प्रत्येक उत्पाद, विभिन प्रकार की भाजियां (पालक, मैथी, चौलाई, मुनगा, बथुआ), स्थानीय फलों जैसे करौंदा, आंवला, नींबू, सीताफल, अमरूद, शलजम, विभिन्न प्रकार के अनाज, मोटे अनाज एवं दालों की पौष्टिकता के विषय में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, पर्यवेक्षकों एवं परियोजना अधिकारियों द्वारा बच्चों के साथ मिलकर बाल गतिविधियों का आयोजन किया गया।

## अब मानादेई में कुत्तों ने बच्ची को बनाया शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कुत्तो के आतंक का सिलसिला अब नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी फैलता जा रहा है कल जिला मुख्यालय की समीपी ग्राम पंचायत मानादेई में एक 09 वर्षीय बालिका परी उर्फ माही सिंधिया को कुत्तों ने





गंभीर से घायल कर दिया माही जब घर के सामने ही आंगन में खेल रही थी तो कुत्ते ने आकर उसके पैर को अपने मुंह में जकड़ लिया डर के मारे माही चिल्लाती रही और कुत्ते से बचने का प्रयास करती रही आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े और किसी तरह माही को कुत्ते के चंगुल से छुड़ाया तब तक माही के पैर एवं घुटनों में गंभीर जख्म हो चुके थे और तो और बचने के सिलसिले में माही गिर गई और कुत्ता उसे घसीटता रहा इस दौरान माही के पेट और पीठ में भी चोटे आई है। कुत्तों के द्वारा मासूम बच्चों को शिकार बनाने का सिलसिला थम नहीं रहा आखिर कब जाकर जिला प्रशासन इस दिशा में कोई गंभीर प्रयास करेगा।

## विश्व हिन्दू परिषद बिछिया के तत्वाधान में दिया गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



विश्व हिन्दू परिषद (बजरंग दल) बिछिया के बैनर तले नवरात्रि पर्व के दौरान सनातन हिन्दू समाज द्वारा विभिन्न आवश्यक विषयों पर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मुख्यतः बिछिया क्षेत्र में विभिन्न ग्राम/मोहल्ले/वार्ड में माता शक्ति की प्रतिमा स्थापना तथा स्थाई मंदिरों में पूरे नवरात्रि पर्व के दौरान विभिन्न धार्मिक आयोजन होते हैं। इसके मद्देनजर प्रशासन द्वारा सनातनी हिन्दू समाज की धार्मिक भावनाओं की सुरक्षा हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए, जिसमें विशेष रूप से खुले में मांस विक्रय, गरबा पंडालों में स्थानीय समिति की अनुमति के बिना गैर हिन्दू समाज का प्रवेश निषेध, ध्वनि विस्तारक यंत्रों से अश्लील गाने प्रसारित न हों, इस हेतु स्थानीय समितियों को प्रशासन द्वारा निर्देश, साथ ही सामूहिक कार्यक्रमों में सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासनिक अमला उपस्थित हो। उक्ताशय के बिन्दुओं के माध्यम से प्रशासन को आवश्यक कार्यवाही संस्थित करने का आग्रह विश्व हिन्दू परिषद (बजरंग दल) बिछिया द्वारा किया गया। उक्त क्रम में सचिन तेकाम, बलदाऊ राजपूत, हितेश तिवारी, राजेश विश्वकर्मा, विवेक कुमार पाण्डेय, विकास गोस्वामी, संजू ठाकुर, विमल चौधरी, छोटू मार्को, राममिलन यादव, ओम मोंगरे, सौरभ यादव, छोटू सोनी एवं नगर के सभी सनातनी बंधु उपस्थित रहे।

**उदासीनता** | वृक्षों की शिफ्टिंग को लेकर इनरव्हील क्लब आया आगे।

# शानदार पहल को मिला निराशाजनक जबाव

*** पर्यावरण को लेकर जिला कलेक्टर से की भेंट।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




विकास के नाम पर जिले में पिछले काफी समय से वृक्षों का कत्लेआम किया जा रहा है फिर चाहे वह 10 वर्ष पूर्व जबलपुर-रायपुर राजमार्ग निर्माण के समय की बात हो जिसमें हजारों वृक्षों को गाजर-मूली की तरह काट दिया गया और न तो इनकी संख्या और न ही इनकी लकड़ी किस काम आई कोई जबाव किसी के पास नहीं है।

इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर नगरीय क्षेत्रों में जहां जरूरत पड़ी वृक्षों को धराशायी कर दिया जाता है बहुत से वृक्ष माफिया तो वृक्ष काटने के कारणों के खोज में रहते हैं और मौका मिला नहीं कि वृक्षों को धराशायी कर दिया जाता है। नगरपालिका शॉपिंग मॉल के सामने स्थित वृक्षों को भी अनावश्यक ही काट दिया गया था जबकि वहीं सामने न्यायाधीश महोदय की पहल पर तीन वृक्ष आज भी आस्तित्व में है उनके रहते भी सड़क चौड़ीकरण हुआ लेकिन इस तरह के वृक्ष क्यों काट दिये गये कोई पूछने वाला नहीं। पर्यावरण असंतुलन आज हम सबके लिये जानलेवा बना हुआ है आने वाली पीढ़ी इसका क्या खामियाजा भुगतेगी यही सोचकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं।

इसी चिंता को लेकर नगर की एक समाजसेवी संस्था इनरव्हील ने बहुत ही मार्मिक अपील के साथ जिला कलेक्टर से भेंट की उन्होंने कलेक्टर को एक पत्र सौंपा जिसमें यह उल्लेखित किया गया कि "आज के समय में पर्यावरण संतुलन एक वैश्विक समस्या बनी हुई है और हमारा जिला भी इससे अछूता नहीं है महोदय जी शासन प्रशासन के अलावा विभिन्न संस्थाओं एवं समाज सेवियों के द्वारा वृक्षारोपण किया जाता है उनमें से आधे ज्यादा पौधे तो बड़े ही नहीं हो पाते और जो संभलते हैं उन्हें वृक्ष बनने में वर्षों का समय लगेगा ऐसी स्थिति में आज के समय हमारे पर्यावरण को यह पुराने वृक्ष ही संभाल रहे हैं लेकिन इन वृक्षों पर भी विकास की काली छाया पड़ती जा रही है विभिन्न निर्माण कार्यों को लेकर बड़े-बड़े उपयोगी वृक्षों को धराशाई कर दिया जाता है हमारे नगर में भी अनावश्यक पुराने वृक्षों का कत्लेआम किया गया है और वह आज भी उपनगर महाराजपुर में जारी है इसके साथ ही मंडला डिंडोरी मार्ग निर्माण को लेकर भी वृक्ष काटे जा रहे हैं आमा नाला बाईपास से लेकर चाबी तक सैकड़ो हजारों वृक्षों को काट दिया गया है यदि इन्हें दूसरी जगह स्थानांतरित कर दिया जाता तो न केवल यह हमारे बुजुर्गों की निशानी आज भी अस्तित्व में होती बल्कि हजारों लोगों को जीवन दे रही होती अभी भी यह सिलसिला जारी है अब सड़क निर्माण कार्य जिला मुख्यालय के समीप पहुंच चुका है। आपसे निवेदन है कि सड़क निर्माण कंपनी को आपके माध्यम से निर्देशित किया जाए की सड़क किनारे अति आवश्यक स्थिति में ही वृक्ष को अलग किया जाए और इन छायादार एवं फलदार वृक्षों को वहीं पास में ही शिफ्ट कर दिया जाए इस कार्य को एक आयोजन के रूप में संपन्न कराया जाए ताकि दूसरे लोगों को भी एक सकारात्मक संदेश दिया जा सके। इस पूरी प्रक्रिया में हम और हमारी संस्था आपके साथ खड़ी है आप जो भी सहयोग मांगेंगे हम करने को तैयार हैं बस इन जीवन देने वाले वृक्षों को बचाया जाए।"

इस अपील पर कलेक्टर मण्डला द्वारा कहा गया कि मौजूदा संसाधनों में पेड़ों को स्थानांतरित करने पर पेड़ों को बहुत कम ही सुरक्षित रखा जा सकता है। सुरक्षित स्थानों पर पौधारोपण के साथ साथ पर्यावरण को संतुलित करने के लिए आवश्यक पहल और जागरूकता विकल्प है।

## अग्रवाल समाज द्वारा मनाई गई अग्रसेन महाराज की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



नगर के अग्रवाल समाज द्वारा आज नगर में शोभा यात्रा निकाल कर आराध्य देव भगवान अग्रसेन महाराज की जयंती मनाई गई, इस अवसर पर समस्त सामाजिक पुरुष और महिलाओं ने अग्रवाल धर्मशाला एकत्रित होकर अग्रसेन महाराज जी की जयंती के अवसर पर पूजन अर्चन कर एकत्रित होकर जहां अनेक गेम प्रतियोगिताएं मनोरंजक खेल खेले गए एकता का परिचय दिया इसके बाद आतिश बाजी बैंड बाजों के साथ शोभा यात्रा निकाल कर नगर में घुमाए जिनका नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमति रजनी मरावी पार्षद अजय पुरी गोस्वामी शशिकांत श्रीवास्तव और कर्मचारियों ने परिषद के सामने शोभा यात्रा का स्वागत किया पुष्प वर्षा कर जय जय कार किया वही अनेकों जगह स्वागत किया गया, शोभा यात्रा का समापन राजराजेश्वरी मंदिर रेंज में समापन हुआ जहां प्रसाद वितरण के साथ अनेक कार्यक्रम किए गए देर रात तक कार्यक्रम चलता रहा इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल,अनिल(उत्तम) अग्रवाल, अरविंद्र अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, कृष्ण कुमार अग्रवाल सोनल अग्रवाल, आशीष अग्रवाल प्रमोद अग्रवाल राज किशोर, मनीष अग्रवाल कमलकांत अग्रवाल रमाकांत अग्रवाल, उमाकांत अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल प्रभात अग्रवाल मनोज अग्रवाल देवाशीष अग्रवाल, नमन अग्रवाल, पराग अग्रवाल, अध्यक्ष श्रीमती संगीता अग्रवाल, दीपा अग्रवाल, जूली अग्रवाल, दीपा अग्रवाल, दिविशा अग्रवाल सहित महिला मंडल ने भी अपना महत्व पूर्ण योगदान दिया।


## कार्यालय नगर परिषद बम्हनी बंजर जिला मण्डला

//जेम बिड सूचना//

एतद् द्वारा नगर परिषद बम्हनी बंजर द्वारा अमृत 2.0 अंतर्गत हरित महाअभियान कार्यक्रम हेतु शासन निर्देशानुसार लगाये गये पौधे की सुरक्षा हेतु ट्री-गार्ड क्रय किये जाने हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन बिड आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन बिड भारत सरकार के पोर्टल **https://gem.gov.in/** के माध्यम से क्रय की जा सकती है।

| क्र. | विवरण एवं बिड नम्बर | ऑनलाईन बिड की प्रारंभिक तारीख | ऑनलाईन बिड की अंतिम तारीख |
|---|---|---|---|
| 1. | Tree Guard........ Bid No.Gem/2025/B/6705578 Date 23.09.2025 | 23.09.2025 | 10.08.2025 |

जेम बिड की शर्ते - 1. निर्धारित सुरक्षा निधि काटी जावेगी, जो 12 माह पश्चात वापिस की जावेगी। 2. अनुबंध किया जाना आवश्यक होगा। 3. अमानत राशि 2 प्रतिशत देय होगी।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद बम्हनीबंजर

**खबर संक्षेप**

## नि:शुल्क नेत्र शिविर में अनेक मरीजों को मिला लाभ



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** स्थानीय शासकीय चिकित्सालय में स्वस्थ नारी सशक्त नारी अभियान के अंतर्गत सिविल अस्पताल प्रभारी डॉक्टर उपेंद्र वस्त्रकार के मार्गद र्शन में निः शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस शिवर में लगभग 44 नेत्र रोगियों ने पंजीयन कराकर शिविर का लाभ लिया। जिन्हें नेत्र सहायक यू एस पटेल ने नेत्र परीक्षण कर उन्हें परामर्श दिया गया। वही चिन्हित किये गये मोतियाबिंद नेत्र रोगियों का ऑपरेशन जबलपुर निःशुल्क किया जाएगा । नेत्र शिविर में डॉक्टर आशुतोष मेहता, डॉ ढिमोले, डॉक्टर सागर, डॉक्टर त्रिभुवन कौरव, पुष्पेंद्र कौरव, अरविंद सहित अन्य कर्मियों ने मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## कार ने ऑटो को मारी टक्कर

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये ग्राम बेलखेड़ी निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने गांव के आटों क्रमांक MP48ZB2773 से बैठकर कामती आ रहा था और आटों राकेश पटवा चला रहा था। इस आटो में तनिष्क, राजू रजक, पिहू धानक, राधा धानक, मंगू लाल अहिरवार सहित अन्य लोग बैठे हुये थें। आटों जब पिठहरा तिरहा के पास पहुंचा तो सांईखेडा की ओर से आ रही एक कार क्रमांक MP40ZD6158 के चालक द्वारा अपनी कार को तेज गति तथा लापवाही पूर्वक चलाते हुये आटों में टक्कर मार दी गई जिससे आटों पलट गया और आटों में सबार सभी लोगों को चोटे आने के चलते पुसिल ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## पुरानी बुराई के लते धारदार हथियार मारकर किया घायल



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर पालिका में कार्य करने वाले शनि मंदिर रोड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि गाड़ी खड़ी करने की बात को लेकर प्रार्थी का समी चौरासिया से विवाद हुआ था तभी से वह बुराई पाले हुये। बीते हुये दिवस जब प्रार्थी पुरानी गल्ला मंडी में अपने दोस्त के साथ खड़ा था उसी समय समी चौरसिया, हिमांशु चौरासिया एवं अखिलेश उर्फ मैक्सी चौरसिया आये और पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देने लगे। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो समी तथा हिमांशु द्वारा एक राय होकर किसी तेज धारदार उस्तरा जैसे हथियार से बार करते हुये चोटे पहुंचाई। वही अखिलेश चौरसिया द्वारा भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## वृद्धावस्था पेंशन योजना से कई पात्र वंचित, मात्र कागजों के आंकडों पर सफल होते हुये दिखाई पड़ रही सच्चाई

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** शासन द्वारा अनेक योजनायें चलाकर वृद्धों एवं गरीबों का भला करने की बात कही जा रही है वहीं दूसरी ओर देखा जाता है कि शहरी से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्ध महिलाओं व पुरूषों की हालत दिन पर दिन दयनीय व पीड़ादायक होती जा रही है। बताया जाता है कि इस हेतु शासन ने वृद्धावस्था पेंशन योजना शुरू की थी मगर देखा जा रहा है कि शासन की इस योजना को पंचायत में बैठे कर्णधारों द्वारा शासन के नियमों को अनदेखा कर पात्रजनों को इसका लाभ ना देकर अपात्रों को दिया जा रहा है।

# रोशनी से जगमगाते शहर में मातारानी के मंदिरों में रात के समय बज रही झालर घंटी, सुबह से लग रही देवी मंदिरों में जल ढ़ारने वाले श्रद्धालुओं की भीड़, माँ की भक्ति में लीन नजर आ रहे लोग ..









**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

शारदेय नवरात्र पर्व के चलते जहां इन दिनों शहर के हिन्दू धर्मावलंबी आदि शक्ति माँ की भक्ति में लीन दिखाई दे रहे है। इस समय पड़ रही तेज तपन व अचानक आसमान पर छाने वाले काले बादलों की दहशत होने के बाद भी लोगों के दिलों में मातारानी की आराधना का उत्साह कम नही हो रहा है। क्योंकि इस समय निश्चित ही क्षेत्र के किसानों के खेतों में सोयाबीन की फसल खड़ी होने के दौरान यदि बारिश होती है तो निश्चित तौर से वह खराब होने से नही बच पायेगी। इस स्थिति में निश्चित किसानों के चेहरों पर चिंता के बादल मड़राने से नही चूक रहे है। वही वह मातारानी से यही आर्शीवाद मांगते हुये देखे जा रहे है कि है माँ हमारी रक्षा करना। इसी के चलते देखा जा रहा है कि देवी माँ के आराधना पर्व के चलते नगर की सारी हलचलों पर विराम सा लगा हुआ नजर आ रहा है। क्योंकि इस समय जिस प्रकार से संपूर्ण क्षेत्र में देवी भक्ति की धूम मची हुई है। वही सुबह के वक्त देवी मंदिरों में मातारानी को जल ढारने वाले महिला पुरूष सहित युवाओं का देवी मंदिरों पर तांता लगा हुआ दिखाई देता है। वही दूसरी ओर रात के वक्त रोशनी से जगमगाते हुये देवी मंदिर निश्चित ही भक्तों का मन मोहने में कोई कसर नही छोड रहे है। यदि सच्चाई पर नजर डाली जावे तो बीते हुये कुछ वर्षो में कोरोना सहित अनेक प्रकार की बीमारियों के चलते लोगों के दिलों में मातारानी की आराधना का जो उत्सह था वह प्रशासन द्वारा लगाये गये प्रतिबंधों के चलते ठंडा पड़ गया था। मगर इस वर्ष मातारानी के भक्त अपनी आराध्य की सेवा में कोई कसर नही छोड़ना चाह रहे है। इसी के चलते इस वर्ष लोगों में जहां काफी उत्साह देखने मिल रहा है और अनेक जगहों पर देवी प्रतिमाओं की स्थापना हो चुकी है तो कुछ स्थानों पर तैयारियों चलत रही है तथा रात में शहर में भव्य देवी मंदिरों में विराजी मातारानी की आकर्षक प्रतिमाओं के दर्शन करने की शुरूआत हो चुकी है। मगर नवरात्र के दूसरे दिन सोमवार को देर रात तक स्थापनाओं को दौर चलते हुये देखा गया। नगर की दुर्गोत्सव समितियों द्वारा तैयार की मातारानी की मनोहर झांकियाँ सजा श्रद्धालुओं को जहां एक तरफ मोहित कर सुबह शाम मातारानी की पूजन, आरती की जा रही है। वही दूसरी ओर शारदेय नवरात्र पर्व की द्वज तक माँ दुर्गा जी की प्रतिमाओं की स्थापना के तहत मूर्तिकारों के ठिकानों से माँ जगदम्बा की प्रतिमाएं धूमधाम से ले जाने के चल रहे सिलसिले के कारण मातारानी के जयघोष से शहर व क्षेत्र का कोना कोना गूँज रहा है। वही बीते हुये मंगलवार को लोगों ने अपने घरों एवं दुर्गा पंडालों में विराजमान माँ दुर्गाजी का पूजन कर उन्हें विविध व्यंजनों का भोग लगाया। वही दूसरी ओर समीपस्थ कौड़िया मार्ग पर विराजमान देवी मंदिर में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी लगातार कन्या भोज का आयोजन चलते हुये देखा जा रहा है। जहां पर देवी स्वरूपा कन्याओं का पूजन करते हुये उन्हें भोजन कराते हुये भक्तों द्वारा आर्शीवाद ग्रहण किया जा रहा है। इस प्रकार से चल रहे नवरात्र को लेकर नगर के बुद्धिमान पंडितों का कहना है कि शारदेय नवरात्र पर्व के शेष दिन भक्तों के पराक्रम, शक्ति वृद्धि करने वाले है । क्योंकि इन शुभ दिनों में अत्यंत पुण्यदायी शुभ संयोग पड़ रहे है। मातारानी के भक्तों में नई ऊर्जा का संचार होगा और वे माँ दुर्गा जी का आशीष पाने व्याकुल होगे। क्योंकि शारदेय नवरात्र पर्व के दौरान पड़ रहे इन संयोगों में माँ भगवती की श्रद्धाभाव से की गई आराधना व कन्याओं का पूजन करते हुए उन्हे भोजन कराने से पुण्य लाभ मिलता है। वही बाजार से मनचाही वस्तुओं की खरीदी करने तथा कुल देवताओं की पूजन करने और मातारानी का तन्मय होकर गुणगान करने से श्रद्धालुओं को सुख, शांति, लक्ष्मी तथ यश की प्राप्ति होगी, इस प्रकार से देखा जा रहा है कि इस समय चल रहे नवरात्र के दौरान चारो ओर धर्ममय वातावरण देखने मिल रहा है।



## किसान सभा इकाई ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, यदि आवाारा पशुओं की व्यवस्था नहीं हुई तो कार्यालय लेकर आने होंगे मजबूर

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** इस समय क्षेत्र के किसान जहां मूंग की फसल का विक्रय होने के बाद उनके खातों में पैसा नही आने के चलते परेशान देखे जा रहे है तो दूसरी ओर शहर से लेकर गांव गांव घुम रहे आवारा पशुओं के चलते लगातार परेशान होते हुये देखे जा रहे है। इसी बात को लेकर बीते हुये मंगलवार को सालीचौका क्षेत्र के किसानों सहित मध्य प्रदेश किसान सभा इकाई द्वारा एसडीएम कार्यालय पहुंचकर जनसुनवाई के दौरान आवेदन देते हुये शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदी गई मूंग का शीघ्र ही भुगतान किये जाने की मांग की गई है। वही दूसरी ओर सड़को पर घूम रहे पशुओं को लेकर कहा गया है कि यदि 15 दिन के अंदर इन पशुओं की उचित व्यवस्था नही होती है तो किसान मजबूर होकर इन पशुओं को कार्यालय लेकर आवेगे। शासन द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर गौ शालाओं का निर्माण कराया गया है। वही गौशालाओं के संचालन में लाखों के बिल लग रहे हैं। मगर इसके बावजूद गांवों, रास्ताओं, खेतों में सड़कों पर आवारा पशु के झुंड घूम रहे हैं। इस चिंता जनक सच्चाई उजागर करने के साथ साथ किसानों की फसलों के नुकसान पहुंचाते हुये आये दिन सड़क दुर्घटनाओं को शिकार होते हुये पशुओं की जिन्दगी खतरे में पड़ने से नही चूक रही है तो दूसरी ओर आम जनता के लिये खतरा बन रहे है। म.प्र. किसान सभा इकाई का कहना है कि उपरोक्त मांगो का समय रहते निराकरण किया जाए अन्यथा की स्थिति में किसानों के साथ आंदोलन प्रदर्शन चक्का जाम के साथ आवारा पशुओं को गांव गांव से खदेड़कर गाडरवारा तहसील कार्यालय प्रांगण में लाकर इकट्ठे किए जाएंगे जिसकी जवाबदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान मुख्य रूप से देवेंद्र कुमार वर्मा, लाल साहब वर्मा, नरेंद्र वर्मा, करण सिंह अहिरवार, भूपेंद्र पटेल, बृजेश वर्मा, अमित वर्मा, योगेश वर्म, विश्राम वर्मा, विजय पटेल, देवेंद्र पटेल मारेगांव, मनीष पडहार, गजेन्द्र पडहार, ब्रिजेश पडहार सहित अन्य लोग मौजूद थें।

# अग्रसेन जयंती पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का शोभायात्रा के साथ हुआ समापन







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

समाजवाद के प्रणेता , पौराणिक कर्मयोगी, लोक नायक युग पुरुष, तपस्वी रामराज के समर्थक महाराजा श्री 1008 अग्रसेन जी महाराज के जन्म उत्सव आश्विन मास शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि एकम संवत 2081 तदानुसार सोमवार को अग्रवाल समाज के प्रवर्तक महाराजधिराज अग्रसेन जी की 5149 वीं जयंती अग्रवाल समाज गाडरवारा में धूमधाम से मनाई गई। बताया जाता है कि इस मौके पर सर्वप्रथम स्थानीय श्री देव लक्ष्मी नारायण मंदिर चावड़ी पर सभी अग्रवाल समाज के बंधुओ ने एकत्रित होकर महाराज अग्रसेन जी की पूजन अर्चन एवं आरती से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अग्रसेन जयंती पर शोभा यात्रा निकली जो श्रीदेव लक्ष्मीनारायण मंदिर चांवड़ी से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से निकाली गई जिसका जगह जगह लोगों ने स्वागत करते हुये भगवान अग्रसेनजी का पूजन किया। इस शोभा यात्रा में अग्रसेन जी की रथ पर सवार प्रतिमा एवं वाहन पर लगा तेलचित्र मुख्य आकर्षण केंद्र रहा । बेंड बाजो के साथ घोड़े पर सवार सामाजिक बंधु धर्म ध्वज लेकर चल रहे थे । शोभायात्रा का समापन श्रीदेव बाँके बिहारी मंदिर में महाआरती पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इसके उपरांत मंदिर परिसर में अग्रवाल समाज के वरिष्ठ जनों की विशेष उपस्थिति में अग्रवाल समाज संगठन, महिला मंडल, अग्रवाल युवा परिषद ने तीन दिवसीय धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर समाज की प्रतिभाओ को सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से आरती व श्री गणेश वंदना में मिष्टी अग्रवाल, श्रीजी अग्रवाल, कुमारी प्रिजल, कुमारी सेजल का सम्मान हुआ। वही जिला स्तरीय स्केटिंग में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले मितेश अग्रवाल, जी मैंस में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले कुशाग्र गुप्ता, यूट्यूब की सिल्वर प्ले बटन से सम्मानित होने वाली श्रीमती बल्लवी अग्रवाल, शिक्षा दिवस पर महामहिम राज्यपाल एवं शिक्षा मंत्री से सम्मानित श्रीमती प्रियंका अग्रवालको स्मृति चिन्ह देकर विशेष प्रतिभा सम्मान दिया गया। वही कक्षा दसवीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दुष्यंत अग्रवाल, प्रनिशा अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल खुशी अग्रवाल का सम्मान कर स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित किया गया। इसी प्रकार से कक्षा 12वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले रजत खजांची, तनु अग्रवाल, महक अग्रवाल, कुशाग्र गुप्ता, सुमित अग्रवाल, सृष्टि अग्रवाल का सम्मान हुआ। स्व. सत्यनारायण अग्रवाल की स्मृति में सभी बच्चों को गिफ्ट प्रदान किए गए । मंदिर में आयोजित सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में लकी गेम कलेक्ट बैलून मे प्रथम पुरस्कार नैतिक अग्रवाल द्वितीय पुरस्कार आरव अग्रवाल को तथा ढूंढते रह जाओगे में प्रथम पुरस्कार अनिका गुप्ता, द्वितीय पुरस्कार नितेश अग्रवाल व ग्लास के अंदर आपका नंबर में प्रथम पुरस्कार श्वेता अग्रवाल, द्वितीय पुरस्कार श्री कुंज अग्रवाल को मिला। इसी प्रकार से बिंदी गेम में प्रथम पुरस्कार श्रीमती अर्चना अग्रवाल, द्वितीय पुरस्कार श्रीमती रचना अग्रवाल व तृतीय पुरस्कार श्रद्धा अग्रवाल को दिया गया। मूंछे हो तो नाथूलाल जैसी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार श्रीमती किरण अग्रवाल, द्वितीय पुरस्कार श्रीमती रजनी खजांची व तृतीय पुरस्कार श्रीमती ममता अग्रवाल को प्राप्त हुआ। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अक्षत अग्रवाल, द्वितीय पुरस्कार अनिक अग्रवाल, तृतीय पुरस्कार देव अग्रवाल अग्रवाल को मिला । 3 वर्ष से 7 वर्ष तक की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार आरना अग्रवाल, द्वितीय पुरस्कार शानवी खजांची, तृतीय पुरस्कार अधिरा अग्रवाल ने प्राप्त किया गया। वही 8 से 12 वर्ष के प्रतिभागियों के लिए डांस प्रतियोगिता मैं प्रथम स्थान अथर्व अग्रवाल द्वितीय समर्थ अग्रवाल तृतीय पर स्थान आरोही अग्रवाल रही एवं 12 वर्षीय 18 वर्ष की आयु डांस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अयन गुप्ता, द्वितीय पुरस्कार विधि अग्रवाल, तृतीय पुरस्कार अनिका अग्रवाल को दिया गया। इसके साथ ही खुला पिटारा अभिनय तुम्हारा युगल जोड़ी में प्रथम पुरस्कार श्रीमती शकुन कन्हैया अग्रवाल द्वितीय पुरस्कार श्रीमती रतना अग्रवाल, श्रीमती रीता अग्रवाल, तृतीय स्थान पर श्रीमती मृदुला श्रीमती साधना अग्रवाल रही। आयोजन समिति द्वारा सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मान करते हुए पुरस्कार वितरण किये । कार्यक्रम का संचालन अरविंद अग्रवाल आभार प्रदर्शन अग्रवाल समाज के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल ने किया गया।

# दिव्यांग विद्यार्थियों का मूल्यांकन शिविर के माध्यम से कृत्रिम उपकरणों के लिये किया चिन्हित





**हरिभूमि न्यूज/चीचली।**

शासन की योजना के तहत दिव्यांग विद्यार्थियों को लाभ पहुंचाने के चलते बीते हुये दिवस विकास खंड चीचली के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा पहली से आठवीं तक अध्ययनरत दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए चिकित्सकीय उपकरण मूल्यांकन परीक्षण एवं कृत्रिम उपकरण चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत चीचली की अध्यक्ष राधाबाई अहिरवार तथा उपाध्यक्ष मनीष कौरव ने दिव्यांग विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं उनके पालन पोषण व विद्यार्थियों के साथ सहृदयता पूर्ण व्यवहार की बात कही गई। वही शिविर में पूर्व जनपद अध्यक्ष मुकेश मरैया तथा मंडल अध्यक्ष नरेश कौरव द्वारा शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के अंतर्गत दिव्यांग विद्यार्थियों को मिलने वाले विभिन्न उपकरण, उपकरणों की देख रेख तथा समय-समय पर उपकरणों के रख रखाव की आवश्यकता की बात कही। इस दौरान उनके द्वारा विद्यालय में अध्यनरत दिव्यांग छात्र-छात्राओं को अन्य विद्यार्थियों के समान समावेशी शिक्षा के अंतर्गत शैक्षणिक वातावरण प्रदान करने, अध्ययन अध्यापन में इन विद्यार्थियों का विशेष ध्यान रखने के साथ ही परीक्षाओं में मिलने वाली आवश्यक छूट के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। आयोजित शिविर को केएल साहू, चंद्रकांत गुप्ता, बृजेश कौरव, संतोष चौरसिया, कमलेश अहिरवार ने भी संबोधित कर इन दिव्यांग विद्यार्थियों के उज्जबल भविष्य की कामना की गई। एलमिको टीम से आगन्तुक चिकित्सक शौरभ मिश्रा, अखिलेश यादव, नीरज मौर्य, अरुण यादव, अंकित ने दिव्यांग विद्यार्थियों का परीक्षण कर विभिन्न उपकरणों यथा- कैलिपर्स, हियरिंग एड, वैशाखी, टी एल एम किट, ब्रेल किट, रोलेटर के लिए विद्यार्थियों को चिन्हॉकित किया गया। इस शिविर के सुचारू संपादन हेतु बीएसी अरुण दुबे को प्रभारी तथा सत्यम ताम्रकार उत्कृष्ट विद्यालय चीचली को सह प्रभारी नियुक्त किया गया। इस दिव्यांग शिविर के सफल क्रियान्वयन में जिला शिक्षा केंद्र की एपीसी अंजू शर्मा, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य भूपेश ठाकुर, बीआरसी डी के पटैल, बीएसी अरुण दुबे, सत्यम ताम्रकार, प्रभारी एमआरसी अजय नामदेव, बुलंद कुशवाहा, संजय सोनी, दिनेश चौरसिया, मन्ना लाल पटले, दीपक चौरसिया, दिनेश ठाकुर, लेखराम गौतम,सुनील सोनी श्रवण ठाकुर, हेमकुमार नामदेव, अभिषेक पाराशर, दीपक श्रीवास्तव एवं उपस्थित सभी जनशिक्षकों ने विभिन्न उत्तरदायित्व निभाये। इस शिविर का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी संदीप नेमा के मार्गदर्शन तथा जिला परियोजना समन्वयक मनीष चौकसे की निर्देशन में संपन्न हुआ।

## चीचली क्षेत्र में कागजों के भरोसे चलते हुए नजर आ रही आंगनवाडी संबंधित योजनाएं

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** शहरों के साथ साथ सरकार द्वारा ग्रामीण महिलाओं व बच्चों को अनेक प्रकार के लाभ देने के उद्धेश्य से करोड़ो रूपया खर्च आगंनवाड़ी केन्द्रो की स्थाना की गई है,मगर देखनें में आता है कि ग्रामीण अंचलों मे संचालित आंगनबाडियों का फायदा महिलाओं व बच्चों को नही मिल पा रहा है? जबकि महिला बाल विभाग के माध्यम से संचालित होने वाले इन योजनाएं के नाम पर सरकार द्वारा प्रति वर्ष करोडो रूपए खर्च कर जन हितैषी योजनाए बनाती है मगर वह योजनाएं मात्र कागजो तक ही सीमित होने के चलते शासन की राशि बर्बाद ही होते हुए दिखाई देने लगी है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत अनेक गांवों में संचालित होने वाले आंगनवाड़ी केन्द्रो में आसानी से देखने मिली सकती है? बताया जाता है कि क्षेत्र के अनेक आंगनबाडियों में मासूम बच्चों को न तो पौष्टिक आहार मिल पा रहा है और न पढाई की सुविधा मिल रही है। वही दूसरी ओर गर्भवती महिलाओं को इन केन्द्रों से समय समय पर जो लाभ मिलना चाहिए था वही भी कोसो दूर दिखाई देने के साथ साथ मात्र कागजों पर चलते हुये देखने मिल रहा है? जबकि केन्द्रों के कागजों के हिसाब से देखा जावे तो उनकी खाना पूर्ति पूर्ण रूप से होती रहती है, जिसके चलते ग्रामीणों का आरोप है कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, केंद्र प्रभारियों की सांठ गांठ से फर्जी बिल,आंकडे तैयार कर प्रतिवर्ष लाखों रूपए गोलमाल होना आम चर्चा बन चुका है..?



## बसेड़िया के अंदर समाज सेवा की दीवानगी इस तरह भरी है कि व बारिश के बीच भी पहाडी क्षेत्रों में पहुंचकर कर रहे है समाजसेवा

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

समाज सेवा करते हुये तो अनेक लोगों को देखा जाता है। मगर मुकेश बसेडिया के अंदर जिस तरह समाज सेवा की जाो दिवानगी देखने मिल रही है शायद उसकी मिशााल कही और देखने मिल पायेगी? अक्सर देखा जाता है सांसे रोकने वाली ठंड हो या फिर भीषण गर्मी के मौसम के साथ साथ बारिश के दौर में भी वह अपनी मोटर साईकिल पर सामग्री लादकर इस तरह के लोगों को खोजते हुये देखे जाते है जिन्हे किसी प्रकार की मदद की जरूरत तो नही है। इतना ही नही जंगल क्षेत्र के उन गांवों में जहां लोग पैदल पहुंचने में डरते है मगर बसेडिया अपने साथ सामग्री लेकर पहाड़ियों को पार करते हुये जंगल में निवास करने वाले बच्चों व बुजुर्गो के बीच पहुंचकर आये दिन उन्हें जरूरत के हिसाब की सामग्री प्रदान करते हुये देखे जाते है। कुछ इसी प्रकार का हाल इस समय बीते हुये एक माह से लगातार देखने मिल रहा है जो बारिश के दिनों में अपनी दो पहिया गाडी पर सामग्री लादकर जंगल क्षेत्र में पहुंचकर लोगों को जरूरी सामग्री बांटने में पीछे नही हट रहे है। बताया जाता है कि समाजसेवी मुकेश बसेडिया ने दूरस्थ दुर्गम पहाड़ी वनग्रामो में भारी बारिश में आदिवासी भाइयो के बीच पहुंचकर सेवा प्रदान की गई तथा वहां पर निवास करने वाले बच्चो को शिक्षा सामग्री के साथ अन्य जरूरी समान तथा स्कूली कपडे प्रदान करते हुये उन्हें प्रतिदिन स्कूल जाने के लिये प्रेरित किया गया। इस दौरान जो बच्चे अपनी पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों के माता पिता को समझाकर पुनः स्कूल में प्रवेश दिलाकर अन्य सहायता की गई। इस दौरान बसेडिया द्वारा वृद्ध जनो व नोनिहाल बच्चो को मच्छर दानी प्रदान कर मच्छरों से बचाव करने की सलाह देने के साथ आदिवासियों भाइयो को वस्त्र, रुमाल व महिलाओं को साडिया प्रदान कर बरसात में सावधानी बरतने के लिये जागरूक किया गया। वही वर्षा के कारण जिन भाइयो का मकान का हिस्सा गिर गया उनको तात्कालिक सहायता के रूप में तिरपाल पनी प्रदान की जिससे वो अपना कच्चा आशियाना पुनः बना सके। इस संबंध में बसेड़िया द्वारा चर्चा करते हुये मुकेश बसेड़िया ने बताया कि विगत 2001 से सतत वनग्रामो में 23 वर्षों से स्वयं के खर्चे पर, विना किसी शासकीय अनुदान, बिना किसी ट्रस्ट , एनजीओ, समिति के अपनी इंस्टीट्यूट की बेटियों के साथ अपनी कृषि आय का 30% दुर्गम पहाडियों पर बसे भोले भाले आदिवासी भाइयो की बेटियों की शिक्षा, विवाह, तथा असहाय निराश्रित वृद्ध जनो की पुत्रवत सेवा में करते आ रहे है।

# कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने जनसुनवाई में सुनीं समस्याएं, 37 आवेदनों का हुआ निराकरण





**डिंडौरी।** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और कई आवेदनों का तत्काल समाधान कराया। इस अवसर पर कुल 37 आवेदनों का निराकरण किया गया। जिन मामलों का तुरंत समाधान संभव नहीं हो सका, उनके लिए आवेदकों को समय-सीमा निर्धारित कर आवश्यक आश्वासन प्रदान किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न हिस्सों से आए ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं। प्राथमिक शाला प्रबंधन समिति यादव टोला जोगीटिकरिया ने आवेदन प्रस्तुत कर लगातार अनुपस्थित रहने वाले शिक्षक पूरन सिंह ठाकुर को हटाने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी तरह ग्राम भाखाटोला पिण्डरूखी के ग्रामीणों ने आवेदन प्रस्तुत कर प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत श्रीमती माया बाई, रेखा बाई, राम बाई, शीतल बाई, ज्योतिमाला, कविता बाई ने आवास की मांग की। इसी प्रकार प्राथमिक शाला राम्हेपुर की शाला प्रबंधन समिति द्वारा रसोइया के पद पर नियुक्ति करने की मांग की है। ग्राम पंचायत बरछा माल थाना शाहपुर तहसील व जिला डिण्डौरी के द्वारा श्रीमती तितरी बाई वालरे ने आवेदन प्रस्तुत कर प्रधानमंत्री उज्जवला योजना अंतर्गत गैस कनेक्शन दिलाने की मांग की है। उक्त आवेदन का निराकरण करने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। इसके अलावा ग्रामीणों ने पेयजल आपूर्ति, विद्युत समस्या, रिकॉर्ड दुरुस्तीकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किश्त दिलाने, अधिक बिजली बिल की समस्या, नामांतरण और बंटवारा विवाद, स्कूल भवन की मरम्मत जैसी समस्याओं से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर जे.पी. यादव, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सेवा पखवाड़ा में स्वच्छता की पोल खोलता कचरे का ढेर



**अमरपुर।** जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर में सेवा पखवाड़ा के प्रारंभिक दिवस में जनप्रतिनिधि, अधिकारियों का स्वच्छता अभियान में श्रमदान में साफ सफाई करते समाचार पत्रों में फोटो प्रकाशित हुआ था। परंतु यह दृश्य जनपद पंचायत कार्यालय अमरपुर के चंद कदमों की दूरी पर पूर्व में निर्मित राजस्व निरीक्षक कार्यालय के सामने वह भी मुख्य मार्ग के किनारे ही इस कदर कचरे का अंबार लगा हैं। जहां से भारी बदबू आती हैं, जोकि रियासी इलाका भी हैं। जहां पर देखने में लगता हैं कि वर्षों से यहां की साफ सफाई नहीं की गई हैं। यहां पर ऐसा प्रतीत होता हैं कि घरों एवं दुकानों का निकाला कचरा इसी जगह में इकट्ठा किया जा रहा हैं। जबकि वर्ष 2014 से स्वच्छ भारत अभियान चलाया जा रहा हैं। वर्तमान समय में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के तहत एक बार फिर साफ सफाई प्रारंभ किया गया हैं। जिसमें जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी साफ सुथरा जगह ऐसे मंदिरों और कार्यालय परिसरों में ही सफाई करते फोटो खिंचवाते नजर आ रहे हैं। परंतु असलियत कुछ और ही बयां कर रही हैं। जब मुख्य मार्ग के यह स्थिति हैं तो फिर बस्ती के अंदर की स्थिति का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता हैं। क्या यह स्वच्छता पखवाड़ा सिर्फ और सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह जाएगा।

### एसडीएम बजाग ने किया गिरवरपुर में निरीक्षण



**डिंडौरी।** बजाग एसडीएम श्री रामबाबू देवांगन ने ग्राम पंचायत गिरवरपुर में मिडिल स्कूल, प्राइमरी स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र और पंचायत भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में बीते दो दिनों से बच्चों को भोजन नहीं दिए जाने की शिकायत पाई गई। साथ ही नाश्ते में प्रतिदिन मिक्सर ही दिए जाने पर उन्होंने नाराज़गी जताई और संबंधित स्व-सहायता समूह को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम पाई गई, जिस पर एसडीएम ने उपस्थिति बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि विद्यालयों में पढ़ाई का स्तर संतोषजनक है। जर्जर भवन को तत्काल डिस्मेंटल करने का प्रस्ताव भेजने के निर्देश भी दिए गए। मिड-डे-मील के संबंध में एसडीएम ने मेनू का पालन होते पाया। निरीक्षण के दौरान बच्चों को बिस्कुट भी वितरित किए गए।

### जनसुनवाई में अपर कलेक्टर ने 86 आवेदन पत्रों में की सुनवाई

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में संपन्न हुई। अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय ने 86 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए।

## दशम आयुर्वेद दिवस पर डिंडौरी जिले में विविध कार्यक्रम आयोजित

### आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए थीम पर कार्यक्रम सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** संचालक आयुष म.प्र. भोपाल एवं कलेक्टर श्रीमता नेहा मारव्या के निर्देशन में 23 सितंबर 2025 को दशम आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में "आयुर्वेद जन-जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए" थीम पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आयुष विंग, जिला चिकित्सालय डिंडौरी में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस, उपाध्यक्ष श्रीमती सारिका नायक एवं श्री अवधराज बिलैया द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिले में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) डिंडौरी, शाहपुर, शहपुरा, निघोरी, भाखा साल्हेघोरी, नेवसा, चांदरानी, शासकीय आयुर्वेद औषधालय गोपालपुर, कठौतिया एवं अझवार में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। दशम आयुर्वेद दिवस की थीम एवं आयुर्वेद के महत्व पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिया गया तथा औषधीय पौधों का वितरण किया गया। इस अवसर पर रंगोली, चित्रकला, मेंहदी, आयुर्वेद स्लोगन एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निघोरी में किया गया। सभी बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को शीट्स, रंग, रंगोली सामग्री एवं मेंहदी कोन वितरित किए गए। प्रतियोगिता उपरांत विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हेतु प्रमाण-पत्र एवं सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी संस्थाओं में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर के माध्यम से कुल 1116 रोगी लाभान्वित हुए।

## कलेक्टर ने ली प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 की समीक्षा बैठक



**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने कलेक्ट्रेट सभागार में वाटरशेड विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों से योजना के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी ली और कार्यों की स्थिति का आंकलन किया। बैठक में विशेष रूप से SNH SPARSH प्रणाली के अंतर्गत आवंटित राशि के उपयोग की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आवंटित राशि का समय पर और शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी कारणवश राशि का उपयोग नहीं हो पाता है और उसे समर्पित करना पड़ता है, तो उसकी पूरी जानकारी समय पर प्रस्तुत की जाए। इसके साथ ही, अनुबंधों की स्थिति और उनके अनुपालन की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अनुबंध निर्धारित शर्तों और समयसीमा के अनुसार पूर्ण किए जाएं। कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराकर कृषि उत्पादन बढ़ाना और जल संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करना है। इसलिए विभागीय अधिकारी समयबद्धता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। बैठक में वाटरशेड विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और उन्होंने योजना से संबंधित गतिविधियों की जानकारी प्रस्तुत की।



## कलेक्टर नेहा मारव्या ने ली ऋण संबंधी जनहितकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक

**डिंडौरी। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने कलेक्ट्रेट सभागार में ऋण संबंधी जनहितकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने विभागवार योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति हेतु अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) वर्ष 2025-26 की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को हितग्राहियों की प्रोजेक्ट प्लानिंग कर समय पर यूनिट स्थापित कराने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए ताकि निर्धारित लक्ष्य को समय सीमा में पूरा किया जा सके।**

इसके बाद कलेक्टर ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना (पीएम स्वनिधि योजना) की समीक्षा करते हुए बताया कि पथ विक्रेताओं एवं स्ट्रीट वेंडर्स के लिए लोन पोर्टल प्रारंभ हो चुका है। इस योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को तीन चरणों में ऋण उपलब्ध कराया जाएगा , जिसमें प्रथम ट्रेंच : 15,000, द्वितीय ट्रेंचः 25,000, तृतीय ट्रेंचः 50,000 दिया जाएगा। आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज़ में आधार कार्ड (मोबाइल से लिंक), बैंक पासबुक, यूपीआई आईडी समग्र आईडी होना अनिवार्य है। 50,000 रूपये के लोन हेतु पैन कार्ड अनिवार्य है और यह स्पष्ट किया गया कि यदि किसी पथ विक्रेता ने पूर्व में लोन लिया है, तो बैंक से एनओसी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करनी होगी। साथ ही जिनका लोन चालू है, उनकी सभी किस्तें समय पर जमा होनी चाहिए और किसी भी लोन में एनपीए (डिफॉल्ट) की स्थिति नहीं होनी चाहिए। इच्छुक पथ विक्रेता इस योजना का लाभ लेने के लिए नगर परिषद की NULM शाखा से संपर्क कर सकते हैं। बैठक में कलेक्टर ने यह भी कहा कि यह योजना छोटे व्यापारियों और स्ट्रीट वेंडर्स के लिए बड़ी राहत है, जिससे उन्हें व्यवसाय को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। समीक्षा बैठक के दौरान संत रविदास स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, जनजाति कार्य विभाग की योजनाएं, उद्योग विभाग की ऋण योजनाएं तथा किसान क्रेडिट कार्ड से जुड़ी गतिविधियों की भी समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने जिले में युवाओं को स्किल आधारित रोजगार उपलब्ध कराने पर जोर देते हुए कहा कि हितग्राहियों को बड़ी इकाई स्थापित करने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि समूह के माध्यम से बड़ी यूनिट संचालित कर न केवल स्वयं को, बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध कराया जा सकता है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री जे.पी. यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान' अंतर्गत जिले में विभागीय अमले एवं मैत्री को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण



**डिंडौरी।** शासन के निर्देशानुसार पशुपालकों की आय बढ़ाने एवं दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के उद्देश्य से 'दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान' के तहत जिले में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विभागीय अमले एवं मैत्री को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रदेश स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर्स द्वारा 22 सितंबर 2025 को विकासखंड शहपुरा, मेंहदवानी, अमरपुर एवं समनापुर तथा 23 सितंबर 2025 को विकासखंड बजाग, करंजिया एवं डिंडौरी में अभियान अंतर्गत नियुक्त किए जा रहे पशु चिकित्सक, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी एवं संबंधित मैत्रियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि अभियान का शुभारंभ 2 अक्टूबर 2025 को किया जाएगा। इस दौरान नियुक्त सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी एवं मैत्री ग्राम पंचायत स्तर पर जाकर अभियान का महत्व एवं संपादित किए जाने वाले कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करेंगे। अभियान के प्रथम चरण में (3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2025 तक) चयनित ग्रामों के उन पशुपालकों से भेंट की जाएगी जिनके पास 10 अथवा अधिक गौवंश/भैंसवंश हैं। उन्हें नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी उन्नत तकनीक की जानकारी दी जाएगी तथा संकलित जानकारी 'दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान' पोर्टल एवं भारत पशुधन एप में भरी जाएगी।

द्वितीय चरण में 5-9 गौवंश/भैंसवंश पालकों एवं तृतीय चरण में 1-4 गौवंश/भैंसवंश पालकों से व्यक्तिगत संपर्क कर उन्नत पशुपालन संबंधी जागरूकता एवं एप्लीकेशन में जानकारी संकलित की जाएगी।

अभियान के कार्यों का सत्यापन संबंधित विकासखंड के पशु चिकित्सकों, जिले के नोडल अधिकारी, उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डिंडौरी, संयुक्त संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग जबलपुर संभाग के नामांकित अधिकारी, संचालनालय पशुपालन एवं डेयरी विभाग म.प्र. भोपाल के नोडल अधिकारी, संबंधित तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डिंडौरी एवं कलेक्टर डिंडौरी द्वारा किया जाएगा। साथ ही कॉल सेंटर भोपाल से भी पशुपालकों से दूरभाष पर जानकारी ली जाएगी।

मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विकासखंडवार डॉ. पल्लवी परते विकासखंड शहपुरा, मेंहदवानी, बजाग एवं करंजिया, डॉ. पुष्पेन्द्र मरावी विकासखंड समनापुर एवं अमरपुर, डॉ. अभिनव शुक्लाः विकासखंड डिंडौरी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिले में कुल 06 पशु चिकित्सक, 30 सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी एवं 104 मैत्रियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. एच.पी. शुक्ला, उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग जिला डिंडौरी द्वारा संबंधित प्रशिक्षणार्थियों को अभियान अंतर्गत आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

## आयुर्वेद दिवस के अवसर पर शासकीय औषधालय भाखा में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर अंतर्गत शासकीय औषधालय भाखा में आयुर्वेद दिवस के अवसर पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जहां भाजपा मंडल अध्यक्ष आकाश नामदेव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सर्व प्रथम आयुर्वेद के जनक भगवान धनवंतरी जी के चित्र पर तिलक वंदन कर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अतिथियों का स्वागत पश्चात मंचीय कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरपुर ने अपने उद्बोधन में आयुर्वेद का महत्व बताते हुए बताया कि मोदी जी के अथक और विशेष प्रयासों से आज आयुर्वेद पूरे भारत ही नहीं अपितु विश्व में भी अब आयुर्वेद को मान्यता मिली हैं। आज आयुर्वेद और योग के कारण भारत को लोग भारत विश्व गुरु की श्रेणी में रखने लगे हैं। आज हम कई प्रकार की बड़ी बीमारियों को योग और आयुर्वेद के माध्यम से जड़ से मिटने में सफल हो रहे हैं। आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनपद सदस्य श्रीमती मालती तिवारी, अमरपुर सरपंच रामनाथ उद्दे, मंडल महामंत्री रामकुमार वनवासी, रितेश उसराठे, माखन साहू वहीं पर अधिकारियों में डॉक्टर गायत्री श्याम, डॉक्टर खुशबू, ग्राम रोजगार सहायक हेमंत ठाकुर, कोमल मरावी, मनीष गायकवाड़ आदि अन्य लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय कृमिनाशक दिवस पर बच्चों को पिलाई गई कृमिनाशक दवा



**डिंडौरी।** राष्ट्रीय कृमिनाशक दिवस के अवसर पर जिलेभर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय डिंडौरी में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे एवं डिंडौरी विधायक ओमकार मरकाम उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पाण्डेय, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. अजय राज, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. राजकुमार डोंगरे, डीटीओ डॉ. मनोज उरैती, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयश्री मरावी, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमलेश राज सहित स्वास्थ्य विभाग एवं विद्यालय के अधिकारी मौजूद रहे। कृमिनाशक दिवस कार्यक्रम में बच्चों को एल्बेंडाजोल टैबलेट खिलाकर कृमिनाशन अभियान की शुरुआत की गई। जिले में 01 से 19 वर्ष आयु वर्ग के कुल 2,95,916 बालक/बालिकाओं तथा 20 से 49 वर्ष तक की 52,799 सामान्य महिलाओं को कृमिनाशन किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर बताया गया कि 01 से 02 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल 400 मि.ग्रा. की आधी गोली चूरकर साफ पानी के साथ दी जाएगी। 02 से 03 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल 400 मि.ग्रा. की पूरी गोली चूरकर साफ पानी के साथ दी जाएगी। 03 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल 400 मि.ग्रा. की पूरी गोली चबाकर या साफ पानी के साथ खिलाई जाएगी। जिले में छूटे हुए बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाने हेतु 26 सितम्बर 2025 को मॉप-अप दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य एन.ए.खान, रामराय माली, अजय कुमार, के.आर. मीना, मुकेश कुमार मीना, राजेश पाल (पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय डिंडौरी), जिला कार्यक्रम प्रबंधक दिलीप कछवाहा, जिला समन्वयक ओमप्रकाश उरैती तथा खंड कार्यक्रम प्रबंधक विक्रमपुर दिलब्बर बिलागर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित स्कूली विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला सम्पन्न



**डिंडौरी।** म.प्र. जन अभियान परिषद एवं राज्य आनंद संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 23 सितम्बर 2025 को विकासखंड डिंडौरी जनपद पंचायत सभागार में ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय अल्पविराम परिचय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर की गई। राज्य आनंद संस्थान से श्री अजीत महतो ने बताया कि कर्मचारियों के जीवन में आनंद के भाव एवं दैनंदिनी कार्यों में सकारात्मक सोच के साथ विकास एवं आंतरिक अनुभूति के लिए जिले के प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर अल्पविराम परिचय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में जनपद अध्यक्ष श्रीमती आशा सिंह धुर्वे, राज्य आनंद संस्थान से श्री अजीत महतो, म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री धर्मेंद्र चौहान, विकासखंड समन्वयक श्री गणेश राजपूत, आनंद विभाग जिला समन्वयक श्रीमती मंजुषा शर्मा, श्री सोहन साहू, श्री राकेश गुप्ता एवं रजनी बैरागी (मास्टर ट्रेनर) सहित अन्य अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला समन्वयक श्री धर्मेंद्र चौहान ने कहा कि छोटे-छोटे कार्यों में खुशी ढूंढें, खुश होकर कार्य करें। ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित होने चाहिए एवं आनंद विभाग का विस्तार ग्रामीण क्षेत्रों तक होना चाहिए। कार्यशाला के दौरान परिचय सत्र, विभागीय परिचय, आनंद विषयक वीडियो, प्रश्नोत्तरी, खेल गतिविधियां तथा गीत कार्यक्रम के साथ प्रतिभागियों को अल्पविराम कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। श्रीमती मंजुषा शर्मा (मास्टर ट्रेनर) ने सत्र का संचालन करते हुए कहा कि सुविधाओं में जो आनंद है वह क्षणिक है, शाश्वत आनंद हमारे भीतर ही है कार्यक्रम के अंत में जिला समन्वयक श्री धर्मेंद्र चौहान द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सभी प्रतिभागियों एवं प्रशिक्षकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यशाला की सफल व्यवस्था हेतु सभी मेंटर्स एवं नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मैराथन दौड़ में पुष्पेन्द्र को मिला प्रथम स्थान



नरसिंहपुर। जिले में महिला अपराधों की रोकथाम की दृष्टि से जागरूकता अभियान अभिमन्यु चलाया जा रहा है जिसके तहत को प्रातः 7 बजे एक मैराथन दौड़ का आयोजन कलेक्टर शीतला पटले की उपस्थिति में कराया गया। मैराथन दौड़ स्टेडियम ग्राउंड से प्रारंभ होकर सुभाष पार्क चैराहा से बाहरी रोड पुत्री शाला होते हुए मेन रोड से होकर स्टेडियम ग्राउंड पर समाप्त हुई। इस मैराथन दौड़ में जिले के अनेक शासकीय वा अशासकीय विद्यालयों के सैकड़ो बच्चों ने हिस्सा लिया स जिसमें नगर की निजी शिक्षण संस्था के छात्र पुष्पेंद्र परसवार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कलेक्टर द्वारा पुष्पेंद्र को ट्रॉफी वा गिफ्ट प्रदान की गई साथ ही विद्यालय द्वारा छात्र को प्रोत्साहन राशि 1100 रुपए देने की भी घोषणा की गई।

### क्षेत्र संयोजक का हुआ आगमन



नरसिंहपुर। सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रारंभिक शिक्षा क्षेत्र संयोजक रामबहोरी पटैल का प्रवास हुआ। इस अवसर पर आपने आचार्यो का मार्गदर्शन करते हुये, शिशु मंदिर योजना वैशिष्ठ्य, पाठयोजना में पंचपदी शिक्षा पद्धति के नवाचार, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तकनीकी ज्ञान आधारित शिक्षण सह सामग्री, भारतीय मूल्यों और संस्कृति के अनुरूप ज्ञानेनद्रियों, कर्मेन्द्रियों, मनबुद्धि का समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों के समग्र विकास आदि बिन्दुओं पर ध्यान केन्द्रित करने पर बल दिया। प्रार्थना सभा में छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए आपने शिक्षण पर ध्यान केन्द्रित करते हुये, निर्धारित लक्ष्य के माध्यम से अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। संस्था प्राचार्य आनंद मोहन कुर्मी ने अपनी पाठ्यचर्या में मार्गदर्शित निर्धारित बिन्दुओं को शामिल करने के लिए आचार्य परिवार को निर्देशित किया।

### नवरात्रों में विकलांगों को कराया भोज



नरसिंहपुर। नवरात्रों में कन्या भोज का महत्व सभी जानते हैं और प्रायः सभी हिन्दू घरों में यह प्रथा आज भी पूरी आस्था के साथ निभाई जाती है। इस बार नारी कल्याण संगठन की स्वयं सेवी महिलाओं ने इस प्रथा में कुछ नया जोड़ने का प्रयास किया। संगठन ने नगर के विकलांग छात्रावास के बच्चों को नवरात्रों में भोजन करवाया।

### जनसुनवाई में आए 150 आवेदन



नरसिंहपुर। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 150 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती पटले ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, विभागीय अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में जनसुनवाई के उन आवेदन पत्रों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

### 3 बसों पर कार्यवाही, वसूला 8 हजार का चालान



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में जिला परिवहन विभाग व उनकी टीम के द्वारा जिले में वाहनों की चैकिंग की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को नरसिंहपुर- गाडरवारा एवं तेंदूखेड़ा मार्गों में वाहनों की चैकिंग की गई। इस दौरान 12 बस वाहनों में बीमा, फिटनेस ओवरलोड आदि की चैकिंग की गई। निरीक्षण के दौरान 3 बसें बिना बीमा, फिटनेस और ओवरलोड पाए जाने पर 8 हजार रुपये का चालान काटा गया।

## आदेशों का पालन नहीं करा पा रहा स्वास्थ्य विभाग

# आयुक्त के आदेशों की उड़ रही धज्जियां

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

सरकार द्वारा अनेकों योजनाएं संचालित कर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन प्रशासनिक पदों पर बैठे अधिकारी कर्मचारियों द्वारा उच्च अधिकारियों के आदेशों का पालन नही किया जाता है जिसका प्रभाव यह होता है कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं नही मिल पाती है। ऐसा ही मामला जिले मे भी सामने आया जहां पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक माह बीत जाने के बाद भी आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही है।






संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा,
जय प्रकाश चिकित्सालय परिसर
भोपाल मध्यप्रदेश

क्र./01/ जी/विज्ञप्त/सेल-05/2025/ 65/ भोपाल, दिनांक 14/08/2025

प्रति,

समस्त, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मध्यप्रदेश।
समस्त, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक मध्यप्रदेश।

विषय:- प्रशासकीय/प्रशासनिक पदों के प्रभार में पदस्थ विशेषज्ञों/पी.जी. चिकित्सा अधिकारियों से चिकित्सकीय कार्य लिये जाने के संबंध में।

संदर्भ:- संचालनालय का पत्र क्रमांक/01 जी/विज्ञप्त सेल-5/ 2022/ 1155, भोपाल दिनांक 15.07.2022

– 0 –

### ये है आदेश

स्वास्थ्य विभाग द्वारा बीते माह आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा द्वारा आदेश जारी किया गया जिसमें स्पष्ट स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि जिला स्वास्थ्य अधिकारी-1/2/3, जिला टीकाकरण अधिकारी, मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी जिला मलेरिया अधिकारी, जिला क्षय अधिकारी आदि का प्रभार प्राथमिकता पर ऐसे नियमित चिकित्सा अधिकारियों को सौपा जावे जो एम. बी. बी. एस. के साथ एम. डी. पी. एस. एम. या पब्लिक हेल्थ मेनेजमेंट/ अस्पताल प्रबंधन में कोई अर्हताधारी हो एवं उनके द्वारा कम से कम 5 वर्ष की सेवा पूर्ण की गई हो उन्हे वरीयता अनुसार प्राथमिकता दी जावें एवं इनके उपलब्ध नहीं होने पर अन्य नियमित एमः बी. बी. एस. चिकित्सा अधिकारी जिनकी न्यूनतम 05 वर्ष की सेवा पूर्ण हो उन्हे वरीयता अनुसार प्रभार सौंपा जाये। पत्र मे यह भी निर्देशित किया गया है कि पात्रता के विरुद्ध प्रभार दिये हो तो तत्काल उक्त निर्देशों के अनुरूप प्रभार परिवर्तन करने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें एवं इस कार्यालय को अवगत करावें। भविष्य में इस संबंध में कोई भी प्रकरण संज्ञान में आने पर संबंधित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी / सिविल सर्जन सर्जन सह सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक की जवाबदेही तय की जावेगी।

### मामला इस प्रकार

जिला मुख्यालय में विकास खंड चिकित्सा अधिकारी के पद पर पदस्थ डॉ रिचा मिश्रा को पदस्थ है जबकि आयुक्त द्वारा पूरे प्रदेश मे प्रभारी अधिकारियों के संबंध मे आदेश जारी कर कहा गया है कि एम बी बी एस एवं पी जी डिप्लोमा व अन्य योग्यता रखते हो। ऐसे डॉक्टरों को प्रभारी अधिकारी बनाया जावे। जबकि डॉ रिचा मिश्रा एम बी बी एस नही उसके बाद भी आदेश जारी होने के बाद भी उन्हे प्रभार से नही हटाया गया है प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किए जा रहे आदेश के उल्लंघन से कई संदेह उत्पन्न हो रहे है। आदेश मे यह भी कहा गया है कि कार्रवाई कर कार्यालय आयुक्त को सूचित करें।

### चिकित्सकीय कार्य निर्वहन करने के निर्देश

संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा द्वारा जारी ओदश क्र.01/जी/विज्ञप्त/सेल-05/2025/65/भोपाल में निर्देशित किया गया है कार्यालय में जिला स्वास्थ्य अधिकारी 1/2/3, जिला टीकाकरण अधिकारी, जिला विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से आपके अधीन मलेरिया अधिकारी, जिला क्षय अधिकारी तथा राष्ट्रीय कार्यक्रम आदि के प्रभार में पदस्थ समस्त विशेषज्ञ / प्रभारी विशेषज्ञ / पी. जी. चिकित्सा अधिकारी को समस्त प्रभारी से मुक्त कर तत्काल चिकित्सकीय कार्य निर्वहन करने हेतु आदेशित किया गया था। विशेषज्ञों पी. जी. चिकित्सा अधिकारियों से चिकित्सकीय कार्य नहीं लेकर कार्यालयीन परन्तु संज्ञान में आया है कि प्रदेश में कई जिलों में विशेषज्ञों प्रभारी कार्य। प्रशासकीय पदों का कार्य लिया जा रहा है। जबकि यह स्पष्ट है कि प्रदेश में पूर्व से ही विशेषज्ञों की काफी कमी है।

### इनका कहना है

उक्त संबंध आदेश प्राप्त हुआ है उच्च अधिकारियों से निर्देश प्राप्त होने के उपरांत हटाने की कार्रवाई की जावेगी।

**डॉ. मनीष मिश्रा**
**सीएमएचओ**

# पेंशनस संघ द्वारा सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम के दौरान प्रहलाद सिंह पटेल मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी वर्ग के प्रबुद्ध जन से संवाद करते हुए मंत्री द्वारा सरकार की नीतियों पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन पर अल्पाहार के समय सभी से चर्चा की गई। एस के चतुर्वेदी प्रांतीय अध्यक्ष म प्र पेंशनर्स समाज के नेतृत्व में शिवकुमार पटेल जिला अध्यक्ष, विजय दुबे जिला सचिव, पी, एस, राघव, एस, के, चतुर्वेदी, प्रभाकर राजपूत, रामसिंग जाट लेखराम विश्वकर्मा सहित सभी की उपस्थिति में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन के साथ जिला स्तर पर पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक हेतु भवन 1 अक्टूबर 25 को वृद्धजन दिवस के गरिमामय आयोजन संबंधी ज्ञापन मंत्री को सौंपा गया।

# शिविरों के माध्यम से 3 हजार से अधिक नागरिक हुए लाभांवित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



जिले में आयुर्वेद जन-जन के लिए पृथ्वी के कल्याण के लिए थीम पर 10 वां आयुर्वेद दिवस मंगलवार को मनाया गया। इस दौरान जिला चिकित्सालय परिसर स्थित आयुष विंग, 15 आयुष्मान आरोग्य मंदिर, आयुर्वेदिक औषधालय, एकीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सह आयुर्वेदिक औषधालय में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिले में आयोजित इन शिविरों के माध्यम से कुल 3 हजार 337 व्यक्ति लाभान्वित हुए। प्रभारी जिला आयुष अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि शिविरों के माध्यम से लोगों को आयुर्वेद के प्रति जागरूकता के लिए दिनचर्या, ऋतुचर्या, आहार- बिहार एवं पोषण संबंधी विकार जैसे रक्ताल्पता, कुपोषण, मधुमेह, हृदय रोग एवं अन्य रोगों की रोकथाम के लिए प्रदर्शनी के माध्यम से जानकारी दी गई। साथ ही देवारण्य योजना के अंतर्गत एक जिला उत्पाद में मुनगा की खेती के लिए प्रोत्साहित करते हुए औषधीय पौधों का वितरण किया गया।

# पुलिस द्वारा जिला फाटक पर की गई चालानी कार्यवाही



**गोटेगांव** पुलिस थाना के द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीणा के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष वाहन चेकिंग अभियान के तहत गोटेगांव के जिला फाटक बाईपास के पास पुलिस एसडीओपी मनीष त्रिपाठी के निर्देशन में थाना प्रभारी प्रदीप सराफ के मार्गदर्शन में पुलिस टीम द्वारा चैकिंग लगाकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें बिना लाईसेंस एवं बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने वाले व फोर व्हीलर 21 वाहन चालकों के खिलाफ चालान काटकर कार्रवाई की गई है। एवं नाबालिक बच्चों द्वारा दौडाए जा रहे वाहनों को भी रोका गया है और उनके खिलाफ कार्यवाही चालान काटे जा रहे हैं, और नाबालिग बच्चों के माता-पिता को समझाएं दी जा रही है।अतः पुलिस अधिकारियों के द्वारा बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने वाले लोगों को समझाएं दी जा रही है कि हेलमेट पहनकर मोटरसाइकिल चलाना सुरक्षित रहता है

## शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय गोटेगाँव के मार्गदर्शन में खेती, स्वदेशी एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

गोटेगाँव



म.प्र.शासन उच्च शिक्षा विभाग के आदेश अनुसार ₹सेवा पखवाड़ा अभियान-17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025₹ के अंतर्गत आज दिनांक 23 सितम्बर 2025 को जैविक खेती, स्वदेशी एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन रासेयो गोद ग्राम बगलई के शासकीय प्राथमिक शाला, बगलई (ऊजर) परिसर में महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ रूकमणी अहिरवार के मार्गदर्शनएवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुरेश मिश्रा के निर्देशन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इंजी. देवदत्त पचौरी, अध्यक्ष सरपंच संघ, गोटेगांव एवं विशिष्ट अतिथि श्री आनंदी लाल ठाकुर, वरिष्ठ कृषक एवं अन्य क्षेत्रीय कृषकों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि सत्कार के पश्चात, डॉ. सुरेश मिश्रा ने सेवा पखवाडा के उद्देश्यों पर संक्षिप्त प्रकाश डालकर किया। तत्पश्चात आज के विषय-जैविक खेती, स्वदेशी एवं स्वच्छता जागरूकता पर मुख्य अतिथि श्री देवदत्त पचौरी जी, डॉ. रूकमणी अहिरवार, डॉ. अभिषेक तिवारी, डॉ. एकता उपाध्याय आदि ने अपने विचार साझा करते हुऐ जैविक खेती व स्वदेशी उत्पादों के उपयोग हेतु छात्रों व ग्रामीणों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार से डॉ. सचिन ऊमरे, श्री संदीप राजपूत, श्री राजेश पटेल, श्री प्रियांश नामदेव, श्री अंचल सोनी महाविद्यालय के लगभग 35 विद्यार्थियों एवं शास प्राथमिक शाला बगलई (ऊजर) के लगभग 30 बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन ग्राम में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की थीम पर रैली के साथ किया गया।

## श्री जगतगुरु शंकराचार्य महाविद्यालय में एनएसएस द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित हुआ ऊर्जा संरक्षण संवाद कार्यक्रम

गोटेगाँव




छात्र-छात्राओं और स्वयंसेवकों ने साझा किए ऊर्जा संरक्षण पर विचार ।श्री जगतगुरु शंकराचार्य कला, वाणिज्य एवं विज्ञान शिक्षण महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ऊर्जा संरक्षण पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने ऊर्जा बचत और पर्यावरण सुरक्षा के महत्व पर विचार साझा किए और पोस्टर बनाकर जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया।यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. दिलीप पाठक के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ जिसमे एनएसएस स्वयंसेवकों और छात्र छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का संचालन पुरुष एवं महिला इकाई के कार्यक्रम अधिकारियों, प्रो एस. पी. डेहरिया और प्रो अंकिता नामदेव ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में।संपूर्ण महाविद्यालय परिवार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेविकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही

## राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस आज

# महाविद्यालय परिसर में होंगे विविध आयोजन

तेंदूखेड़ा

राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों से परिपूर्ण राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य बहुत व्यापक है। इसका उद्देश्य युवाओं का सामाजिक सांस्कृतिक और नैतिक व्यक्तित्व का सृजन करना है इससे जुड़कर छात्र अपने व्यक्तित्व को सजाता है। संवारता है आज का युवा छात्र कल का आदर्श नागरिक बनता है। राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ना सूरज की पहली किरण से साक्षात्कार करने जैसा है वास्तव में यह युवा शक्ति को बेहतर बनाने की प्रयोग शाला है। उसकी दिनचर्या व्यवस्थित होती है समय का पाबंद होकर युवा साधना के पथ का राही हो जाता है। युवा की दिनचर्या रत्न के समान उसे चमकदार बनाती है और मानवीय चेतना का विकास उसे व्यवहार कुशल बना देता है। निश्चित रूप से युवा के अंदर सकारात्मक और नकारात्मक ऊर्जा का खजाना छिपा होता है वह रासेयो के माध्यम से सकारात्मकता का साधक बन जाता है उसे सामाजिक सरोकारों के उच्च एवं श्रेष्ठ कार्यक्रमों के माध्यम से उसमें रुचि पैदा होती है ।उसके लिए ऊँच नीच जात पाँति क्षेत्रीयता आदि निरर्थक हो जाते हैं इस प्रकार धर्म और आदर्श का छोटा सा वर्ग, उसे संतुष्टि प्रदान करता है। स्वअनुशासन स्वावलंबनसेवा सामाजिक सरोकार सहिष्णुता सद्भाव व एकता की भावना के साथ युवा पीढ़ी में गतिशीलता के साथ मुखरता एवं उनमें रचनात्मकता का विकास करते हुए एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका का निर्वहन हेतु राष्ट्रकी सेवा करने समाज को जागृत करने और सच्चे सांस्कृतिक मूल्यों की नई पीढ़ी को गढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। देश के महान शिक्षाविदों एवं योजनाकारों की शत शत भावधारा एवं श्रम धारा का प्रवाह मान मूर्त रुप है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद प्रारंभ से ही छात्रों को राष्ट्रीय सेवा के प्रति जागरुक करने का प्रयत्न होता रहा है। सन 1950 में प्रथम शिक्षा आयोग ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा के लिए भावना के आधार पर प्रवेश के लिए संस्तुति की। इसके साथ ही तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू के सुझाव पर डां. सी.डी. देशमुख की अध्यक्षता में एक आयोग बनाया गया। जिसका उद्देश्य छात्रों को स्नातक कक्षाओं में प्रवेश से पूर्व राष्ट्रीय सेवा अनिवार्य रूप से करनी थी। वर्ष 1969 को महात्मा गांधी का शताब्दी वर्ष था उसी समय इस योजना को प्रारंभ किया गया।राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व विकास का एक अनूठा माध्यम है। प्रत्येक राष्ट्र की वास्तविक जीवन शक्ति उसकी युवा शक्ति में निहित होती है। युवाओं में असीम अनंत और अथाह ऊर्जा का भंडार होता है। राष्ट्र का स्वरूप विकास और अस्तित्व युवा शक्ति के चरित्र पर ही निर्भर करता है। युवा शक्ति में राष्ट्रीयता देश प्रेम संस्कृति एवं मातृभूमि के प्रति समर्पण परोपकार साहस दृढ़ संकल्प वीरता धैर्य आदि सात्विक गुणों से परिपूर्ण राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण करना अपने आप में एक चुनौती पूर्ण कार्य होता है। दरिद्र दीन हीन और असहाय मानव की सेवा को सर्वोपरि धर्म मानने वाले राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रेरणा शक्ति और प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद जी ने युवा शक्ति में आधुनिक भारत को गढ़ने का स्वप्न देखा था। विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास के लिए भारत सरकार द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई खोलने का संकल्प लिया गया और दिसम्बर 1999-2000 से सर्वोदय विद्यालय में इकाई सक्रिय रूप से कई उपलब्धियों और समाज सेवी कार्यक्रमों के माध्यम से अपने रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर रही है। इस 25 वर्षों की अनथक यात्रा में इकाई को रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के कार्यक्रम समन्वयक एवं वर्तमान कार्यक्रम समन्वयक जिला संगठक तथा वर्तमान पदाधिकारियों ने इकाई द्वारा गाँव-गाँव में 10 दिवसीय सात दिवसीय त्रिदिवसीय दो दिवसीय एवं एक दिवसीय शिविरों का आयोजन करके गांव-गांव में जागरुता की अलख जगाई।

## नर्मदा नदी में दिखा मगरमच्छ, बनी दहशत

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

जिले से गुजरने वाली नर्मदा नदी के केरपानी तट पर एक मगरमच्छ दिखाई देने से श्रद्धालुओं में दहशत फैल गई है। मगरमच्छ का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद रोजाना स्नान और पूजा के लिए घाटों पर पहुंचने वाले सैकड़ों लोगों में चिंता का माहौल है। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग ने तत्काल कदम उठाए हैं। वन परिक्षेत्र अधिकारी ने अपने कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम कोटवारों के माध्यम से नदी के घाटों पर मुनादी कराई जाए। इसके जरिए श्रद्धालुओं को नदी में स्नान करते समय सावधान रहने और गहराई में न जाने की चेतावनी दी जा रही है। क्षेत्रीय वनाधिकारी एस. के. कनोजिया ने बताया, हमें सूचना मिली कि केरपानी तट पर मगरमच्छ देखा गया है। हमने तुरंत मुनादी करा दी है, ताकि नर्मदा में स्नान करने वाले श्रद्धालु सतर्क रहें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, लेकिन पूजा-अर्चना में कोई बाधा नहीं आने दी जाएगी। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब नवरात्र के चलते नर्मदा नदी के बरमान और करेली जैसे घाटों पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मगरमच्छ के दिखने से लोग अब सावधानी बरत रहे हैं और नदी के किनारों पर अधिक सतर्कता देखी जा रही है।

## दुर्गोत्सव पर मौसम की प्रतिकूलता

**तेंदूखेड़ा** शक्ति साधना का महापर्व शारदीय नवरात्रि पर्व पर इस बार मौसम की प्रतिकूलता बनीं हुई है। अचानक होने वाली वारिस से आम जनजीवन प्रभावित बना हुआ है।श्रद्धालु जन रात्रि में संगीतमय आरतियों में निकल नहीं पा रहे हैं। हालांकि अभी मात्र दो दिन ही हुए हैं। नगर के विभिन्न हिस्सों में विराजमान दुर्गा प्रतिमाओं के यहां विद्युत की विशेष साज सज्जा की गई है। सुंदर सुंदर झांकियां सजाई गई है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम आज से

श्री नव दुर्गोत्सव समीति गांधी चौक के द्वारा नगर की विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के बच्चों के द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाती है।आज बुधवार से इन विद्यालयों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आगाज होगा।इन सभी बच्चों को समीति के द्वारा पुरस्कृत भी किया जाता है।